जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप की स्थापना की प्रगति रिपोर्ट तलब

अमर उजाला ब्यूरो

केंद्र ने यूपी सहित आठ राज्यों के मुख्य सचिवों से मांगा ब्योरा

प्रदेश में 100 से 300 एकड़ में टाउनशिप स्थापित करने का प्रस्ताव

लखनऊ। केंद्र सरकार ने यूपी सहित आठ राज्यों से विदेशी निवेश आकर्षित करने के मद्देनजर जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप की स्थापना से जुड़े प्रस्ताव पर अब तक की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट तलब की है।

केंद्र ने विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए राज्यों को देश केंद्रित इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने का सुझाव दिया था। इसके अंतर्गत संबंधित देश के निवेशकों को एक ही स्थान पर उनके सभी उद्योगों की स्थापना, आवासीय कॉलोनी व स्कूल आदि की सुविधा देने का विचार है। प्रदेश सरकार ने कोविड-19 महामारी से उपजी परिस्थितियों के बीच चीन से शिफ्ट होने वाली जापानी कंपनियों के लिए इस तरह की एक विशाल टाउनशिप बनाने का एलान किया था। जापानी उद्योगों के लिए 100 से 300 एकड़ तक ज़मीन अलग-अलग क्षेत्रों में चिह्नित करने की बात कही गई थी। औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा था कि सरकार दूसरे देशों की निवेश नीतियों व रियायतों का अध्ययन करेगी और विदेशी निवेशकों को यहां लाने के लिए उन जैसी रियायतें देने पर विचार करेगी।

केंद्र सरकार के उद्योग संवर्द्धन व आंतरिक व्यापार विभाग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग (एशिया) अनुभाग में अनुसचिव आरके सोनी ने रिपोर्ट शीघ्र भेजने का आग्रह किया है। मुख्य सचिव ने यह पत्र अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को कार्यवाही के लिए भेज दिया है।